Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Singh Dr. Ram Lakhan

an>

Title : Issue regarding damage to crops caused by the floods and draught in Madhya Pradesh.

डॉ. राम लखन सिंह (भिण्ड) : उपाध्यक्ष महोदय, आज मध्य प्रदेश का किसान बहुत बड़े संकट के दौर में से होकर गुज़र रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से लगातार वर्षा और ओलावृटि हो रही है। इसके पहले गत वर्षा जुलाई में 9 जिलों में भंयकर बाढ़ आई थी, उसके बाद 8 जिलों में सूखा पड़ा और अब प्रदेश के 29 जिलों में अति वर्षा और ओलावृटि हुई है। इसके कारण किसानों की खड़ी फसल, जिसको उसने पूरे साल मेहनत से उगाया था, बरबाद हो गई है। इसके अलावा जानवर भी मारे गए हैं। जो कल तक की रिपोर्ट है, उसमें 29 व्यक्ति मारे गए हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जो किसानों की फसल चौपट होती है और उसका जो मुआवज़ा मिलता है, वह रस्म अदायगी होता है। यहां सभी लोग किसानों के पक्षधर हैं और जब किसी की सरकार बनती है तो कहते हैं कि हमारी सरकार किसानों की हितैषी है, मज़दूरों की हितैषी है। आज तक जो राजस्व पुस्तिका है, उसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। आपको हमसे बेहतर जानकारी होगी कि किसानों को ओलावृटि हो, आगज़नी हो या बाढ़ आ जाए, उनको मुआवज़े के रूप में जो पैसा दिया जाता है, वह बिल्कुल नगण्य है, न के बराबर है और एक तरह से रस्म अदायगी है। यदि सरकार को किसानों के हितों की चिन्ता है तो इसमें परिवर्तन करना चाहिए। ...(व्यवधान)

हमारा आपसे दूसरा निवेदन है कि अभी कार्मिक एवं संसदीय कार्य मंत्री माननीय सुरेश पचौरी जी भोपाल गए थे। उन्होंने उस समय जो बाढ़ आई थी और उसमें जो व्यक्ति मारे गए थे, उनके लिए घोषणा की थी कि एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति दिये जाएंगे लेकिन वह राशि अभी तक राज्य के पास नहीं पहुंची है तथा मृतकों के लिए जो मुआवज़े की घोषणा की गई थी, वह भी नहीं पहुंची है। आज पूरे मध्य प्रदेश में 48 जिले हैं जिनमें से सिर्फ दो जिले बचे हैं और बाकी सारे जिले बाढ़, सूखा और ओलावृटि की चपेट में आ गए हैं। ...(व्यवधान) आज वहां मदद की बहुत आवश्यकता है और सरकार ने मदद करने के लिए कहा भी है। आज वित्त मंत्री जी ने फसल बीमा की बात की। मैंने बार बार निवेदन किया कि जब तक किसानों को उनकी फसलों की सुरक्षा नहीं दी जाएगी, तब तक वे ठीक से अपना काम नहीं चला पाएंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 11th of March, 2006, at 11 a.m.

19.13 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Saturday, March 11, 2006/Phalguna 20, 1927(Saka).

[p1]Fd. by h1.e

[k2](Fd. by q1)

[bru3]fd. By g2

[R4]fd. by d4.e

[r5]contd. by r4